बुधवार 19 जून 2019

हिन्दुस्तान

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का फंड जुटाने की योजना बनी

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक की मेट्रो को जल्द उत्तर प्रदेश कैबिनेट से हरी झंडी मिल सकती है। शासन ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से फंड के बारे में जानकारी मांगी थी। प्राधिकरणों ने अपने जवाब में बताया है कि वह व्यावसायिक संपत्तियां आवंटित कर फंड जुटा लेंगे।

नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो की फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर बन चुकी है। पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो दौड़ेगी। यह ट्रैक 9.155 किलोमीटर का होगा। इसको बनाने में 1521 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें ग्रेटर नोएडा का अंशदान 235 करोड़ का होगा। बाकी पैसा नोएडा और केंद्र सरकार से मिलेगा।

नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने खर्च जुटाने का पूरा ब्योरा शासन को भेज दिया है। दोनों प्राधिकरण ने जवाब में बताया कि इस रूट पर स्थित व्यावसायिक संपत्तियों को आवंटित कर फंड जुटा लिया जाएगा।

तैयारी

- शासन ने प्राधिकरणों से फंड के बारे में जानकारी मांगी थी
- व्यावसायिक संपत्तियां आवंटित कर पैसा जुटाने की जानकारी दी